राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 11 जुलाई । राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री टीकाराम जूली ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री प्रशांत बैरवा, सचिव श्री मुकेश वर्मा एवं श्री राजेन्द्र यादव मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई मंगलवार, दिनांक 19 जुलाई, 2022 को होगी। मंगलवार, 19 जुलाई को अल्पसंख्यक मामलात मंत्री श्री शालेह मोहम्मद तथा सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्री भजनलाल जाटव जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा, सचिव श्री फूलसिंह ओला एवं श्री रवि पटेल इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter